# प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), झारखण्ड का कार्यालय रांची |

## OFFICE OF THE PRINCIPAL ACCOUNTANT GENERAL (A&E), JHARKHAND, RANCHI

## नीलामी सूचना

## Auction Notice

प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), झारखण्ड का कार्यालय, रांची में मौजूद रद्दी कागज की बिक्री हेतु इच्छुक व्यक्तियों/संस्थानों से ऑनलाइन निविदा Gem portal के माध्यम से आमंत्रित है | निविदा की शर्तें कार्यालय की वेबसाईट http://cag.gov.in/ae/jharkhand/en पर उपलब्ध है | इच्छुक व्यक्ति/संस्थान दिनांक 01/11/2024 से 22/11/2024 तक किसी भी कार्यदिवस को कार्यालय समय में आकर उक्त सामग्रियों का मुआयना कर सकते हैं | इच्छुक संस्थान या व्यक्ति किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक से रू 35,000/- (पैंतीस हजार) की राशि का डिमांड ड्राफ्ट वेतन एवं लेखा अधिकारी (ऑडिट), रांची के पक्ष में बनवाकर सुरक्षा राशि के रूप में वरीय उप महालेखाकार (प्रशासन) के पास दिनांक 22.11.2024 तक जमा कर सकते हैं |

Office of the Principal Accountant General (A &E), Jharkhand, Ranchi invites online bid through Gem portal for Auction of waste paper. Terms and conditions of auction are also available on this office's website http://cag.gov.in/ae/jharkhand/en. Interested person/organization may take inspection of the item on any working day by visiting office from 01/11/2024 to 22/11/2024. Interested person/organization may submit security money of Rs 35000/- by demand draft of any nationalized bank in favour of Pay and Accounts Officer (Audit), Ranchi to Sr. Dy. Accountant General till 22.11.2024 .

Detail of the above said waste paper is given below-
उपरोक्त रद्दी कागज का विवरण निम्नवत है-

| क्रम संख्या/ Sl No | सामग्री का विवरण/ Item description | अनुमानित वजन/ Expected Quantity |
|---|---|---|
| 1 | रद्दी कागज/ Waste (used) paper | 20000 किग्रा/kg |

वरीय उपमहालेखाकार/प्रशासन
Sr. Dy. Accountant General (Admn)

## प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), झारखण्ड का कार्यालय, रांची

## OFFICE OF THE PRINCIPAL ACCOUNTANT GENERAL (A&E), JHARKHAND, RANCHI

नीलामी की नियम एवं शर्तें-

Terms and conditions of Auction-

1 निविदादाताओं को निविदा के साथ किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक से रू 35,000/- (पैंतीस हजार) की राशि का डिमांड ड्राफ्ट वेतन एवं लेखा अधिकारी (ऑडिट), रांची के पक्ष में बनवाकर अग्रधन के रूप में जमा करना होगा | बिना अग्रधन निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा |

Bidder will have to submit EMD of Rs 35000/- by demand draft of any nationalized bank in favour of Pay and Accounts Officer (Audit), Ranchi. No bid without EMD will be considered.

2 उक्त निविदा प्रक्रिया के दौरान सर्वाधिक ऊँची दर पर उद्धरित करने वाले निविदाकर्ता को सफल माना जायेगा |

Bidder with Highest price will be awarded with the contract.

3 सफल निविदाकर्ता द्वारा पूर्व में जमा की जा चुकी सुरक्षा राशि को समायोजित कर शेष राशि का भुगतान वेतन एवं लेखा अधिकारी (ऑडिट), रांची के पक्ष में नीलामी की तिथि के बाद सामान ले जाने के पहले कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा |

Successful bidder will have to pay total amount adjusting the security money in favour of Pay & Accounts Officer (Audit), Ranchi before carrying the said item after Auction.

4 स्वीकृत निविदा के निविदाकर्ता द्वारा यदि निविदा लेने में असमर्थता जताई जाती है तो उसका अग्रधन जब्त कर लिया जायेगा |

If successful bidder fails to buy the item, his EMD will be forfeited

5 वरिष्ठ उपमहालेखाकार (प्रशासन) द्वारा किसी भी निविदा को किसी भी स्तर पर आंशिक या पूर्ण रूप से बिना कारण बताए स्वीकार करने या रद्द करने का अधिकार होगा |

Sr. DAG (Admn) reserves all the right to accept or reject any/all bid partially or completely without any explanation.

6 सफल निविदाकर्ता द्वारा उपरोक्तानुसार पूरी भुगतान कर दिए जाने के उपरांत कार्यालय प्रशासन द्वारा सम्पुष्टि पत्र जारी किया जायेगा |

Confirmation/Authority letter to carry away item will be issued by office administration after full payment by successful bidder.

7 सफल निविदाकर्ता द्वारा कार्यालय प्रशासन से सम्पुष्टि पत्र जारी किए जाने के उपरांत निलामी के मार्फत क्रय की गयी सामग्रियों को 03 दिनों के अन्दर ले जाना अनिवार्य होगा |

Successful bidder will have to carry away the procured items within 03 days after issue of confirmation/Authority

8 सफल निविदाकर्ता द्वारा शपथ पत्र के रूप में कार्यालय को यह वचन दिया जायेगा कि उपरोक्तानुसार निविदा की खरीदी गई सामग्रियों का उनके द्वारा किसी भी गैर क़ानूनी कार्य हेतु उपयोग नहीं किया जायेगा |

Successful bidder will have to submit a declaration stating that the item procured in auction will not be used for any illegal activity.

9 उपरोक्त शर्तों में से किसी भी शर्त के उल्लंघन या सफल निविदाकर्ता द्वारा सामग्रियों की मूल्य राशि का नियमानुसार भुगतान न करने या भुगतान में विलम्ब करने या कोई अन्य अनियमितता बरतने के फलस्वरूप उक्त निविदाकर्ता द्वारा जमा सुरक्षा राशि जब्त की जा सकती है तथा आवश्यकतानुसार अन्य कार्यवाही भी की जा सकती है |

If a successful bidder violates any terms and conditions stated above or fails to make payment his security money will be forfeited and necessary action will be taken against the bidder.

10 असफल निविदाकर्ता द्वारा जमा की गयी सुरक्षा राशि कार्यालय द्वारा सफल निविदाकर्ता की घोषणा के 07 कार्य दिवस के अन्दर वापस कर दिया जायेगा |

EMD of unsuccessful bidder will be returned within 07 working days after declaration of successful bid.

वरीय उप महालेखाकार (प्रशासन)